उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0

प्रधान कार्यालय : 10, माल एवेन्यू, लखनऊ

पत्रांक–34731–33/वसूली/2018–19 दिनांक–10/5/2018

समस्त वरिष्ठ/शाखा प्रबन्धक,
उ0 प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0,
उत्तर प्रदेश।

आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता की अध्यक्षता में दिनॉक 12.3.2018 को उ0 प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 के किया कलापों के सम्बन्ध में विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। समीक्षा बैठक में प्राप्त निर्देश के क्रम में अधोलिखित निर्देश प्रसारित किये जाते है :–

1. शाखा पर कार्यरत ऐसे अमीन जो कार्य नहीं कर रहे हैं, उनकी सूची प्रधान कार्यालय के वसूली अनुभाग को प्रेषित की जाय।
2. शाखा की वसूली टीम के नाम से वाट्स एप ग्रुप तैयार कराया जाय एवं उसकी सूचना प्रधान कार्यालय के वसूली अनुभाग को प्रेषित की जाय।
3. वसूली में संलग्न जीप/वाहन द्वारा प्रति वाहन कितनी वसूली हो रही है, वाहन वार सूची उपलब्ध करायी जाय।
4. जिला प्रशासन द्वारा की गयी वसूली एवं बैंक शाखा द्वारा की गयी वसूली की अलग–अलग सूची तैयार कर प्रधान कार्यालय के वसूली अनुभाग को प्रेषित की जाय।

उक्तानुसार दिये गये निर्देशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(के0 पी0 सिंह)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त मण्डल पर्यवेक्षक, उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय/प्रशिक्षण केन्द्र लखनऊ।

2– उप महाप्रबन्धक, (कम्प्यूटर), उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय, लखनऊ को बैंक की समस्त शाखाओं को ई0–मेल कराने हेतु।

प्रबन्ध निदेशक